## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–10.04.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अगले 15 दिनों के अंदर मइयां योजना के लाभुकों का सत्यापन करने का दिया निर्देश, कहा–लाभुकों के बैंक खातों को जल्द आधार से करें लिंक।
- कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने रांची में स्कूल का किया निरीक्षण, कहा–राज्य भर में छात्राओं के लिए उपलब्ध कराई जाएगी सुरक्षित, सुविधाजनक और आधुनिक आवासीय व्यवस्था।
- झारखण्ड उच्च न्यायालय ने गिरिडीह स्थित जैन धर्मस्थल पारसनाथ पहाड़ को संरक्षित रखने के दिए निर्देश, राज्य सरकार से कहा–जैन धर्मावलम्बियों की भावनाओं का रखें ख्याल।
- मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज और कल तेज हवा के साथ बारिश होने की जताई संभावना, बोकारो और गिरिडीह में वज्रपात से दो की मौत।
- इम्फाल में चल रही 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के वेटलिफ्टिंग चैम्पियनशिप में झारखण्ड के निकलेश लकड़ा ने बालक वर्ग के 49 किलो कैटेगरी में जीता स्वर्ण, ओम कुमार ने जीता रजत

*******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अगले 15 दिनों के अंदर मइयां सम्मान योजना के लाभुकों का सत्यापन करने का निर्देश दिया है। श्री सोरेन ने कल रांची में विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक के दौरान लाभुकों के बैंक खातों को आधार से लिंक कराने का काम भी जल्द पूरा करने के निर्देश दिए।

*******************

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि राज्य भर में छात्राओं के लिए सुरक्षित और सुविधाजनक आवासीय व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी। श्री लिंडा कल रांची के राजकीय पिछड़ी जाति प्लस टू बालिका उच्च विद्यालय के छात्राओं से बातचीत कर रहे थे।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि छात्रावास का निर्माण आधुनिक तरीके से किया जाएगा।

*******************

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जमशेदपुर के सिदगोड़ा टाउन हॉल में 224 नवचयनित अभ्यर्थियों को चौकीदार पद के लिए नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान मंत्री ने सभी अभ्यर्थियों से अपने दायित्वों को ईमानदारी के साथ निभाने की अपील की।

*******************

झारखण्ड उच्च न्यायालय ने गिरिडीह स्थित जैन धर्मस्थल पारसनाथ पहाड़ को संरक्षित रखने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने कल एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि पारसनाथ पहाड़ को जैन धर्मावलम्बियों की भावनाओं के अनुरूप रखा जाए।

*******************

24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती आज झारखण्ड समेत देशभर में मनाई जा रही है। भगवान महावीर के अनुयायी आज के दिन प्रार्थनाओं का मंत्रोचार तथा प्रसाद वितरण करते है। इस दिन शोभा यात्रा भी निकाली जाती है।

*******************

झारखण्ड मुक्ति मोर्चा की विधायक कल्पना सोरेन ने कल गिरिडीह स्थित गांडेय में आठ मोबाइल मेडिकल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर कल्पना सोरेन ने कहा कि इन मेडिकल वैन से दूर–दराज के इलाकों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध होगी।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र  मोदी ने कहा है कि कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण से सिंचाई नेटवर्क में सुधार होगा, सूक्ष्म सिंचाई को बढ़ावा मिलेगा और नवीनतम तकनीक के उपयोग को प्रोत्साहन मिलेगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कल प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की उप–योजना के रूप में कमांड एरिया डेवलपमेंट और जल प्रबंधन के आधुनिकीकरण को स्वीकृति दी थी।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

*******************

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा है कि चुनावी प्रक्रिया में मीडिया की निर्णायक भूमिका है। उन्होंने सूचनाओं के डिजिटल दौर में चुनावी प्रक्रियाओं में मतदाताओं के विश्वास को बनाए रखने में तथ्यात्मक और पारदर्शी संचार के महत्व पर जोर दिया। श्री कुमार पश्चिम बंगाल के चुनावी अधिकरियों के साथ दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे।

*******************

गर्मी शुरू होते ही लोहरदगा जिले के जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ गयी हैं।

*******************

गुमला जिले के रायडीह से पुलिस ने एक ट्रक से लाखों रुपए की अवैध शराब जब्त की है। चौनपुर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि यह ट्रक छत्तीसगढ़ से आ रहा है।

*******************

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है।

*******************

मौसम विभाग ने राजधानी रांची समेत राज्य के अधिकतर हिस्सों में आज और कल तेज हवा के साथ बारिश होने की संभावना जताई है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। इधर, कल बोकारो और गिरिडीह जिले में हुए वज्रपात से दो महिलाओं की मौत हो गयी, जबकि कोडरमा और लातेहार जिलों में 12 लोग घायल हो गए।

*******************

इम्फाल में चल रही 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स के वेटलिफ्टिंग चौम्पियनशिप में झारखण्ड के निकलेश लकड़ा ने बालक वर्ग के 49 किलो कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीत लिया है। वहीं, झारखंड के ही ओम कुमार ने 61 किलोग्राम वर्ग में रजत पदक जीता। इधर, झारखण्ड की प्रियंका लूथरा को भारतीय महिला अंडर–19 क्रिकेट प्रशिक्षण शिविर में आमंत्रित किया गया है।

*******************

अखबारों की सुर्खियां–

राजधानी रांची से प्रकाशित होने वाले अधिकतर अखबारों ने आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ हुई समीक्षा बैठक की खबर को पहले पन्ने पर प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने लिखा है –हाई स्कूल और प्लस टू शिक्षकों का होगा अब एक कैडर, स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग तैयार कर रहा है नियमावली।

दैनिक भास्कर की लीड खबर है –झारखण्ड में नई उत्पाद नीति का ड्राफ्ट तैयार, फिर निजी हाथों में जाएगी शराब की खुदरा दुकानें।

हिंदुस्तान ने स्वच्छ भारत मिशन में हुई अनियमितता के बाद अभियंता के निलंबन की खबर को पहले पेज पर प्रकाशित किया है।

दैनिक जागरण लिखता है–अनुशासनहीनता और विद्यालय प्रबंधन के विरूद्ध कार्य करने के आरोप में नेतरहाट आवासीय विद्यालय के तीन शिक्षक निलंबित।

अंग्रेजी अख़बार टाइम्स ऑफ़ इंडिया ने एसआईटी की उस रिपोर्ट को पहले पेज पर प्रकाशित किया है, जिसमें एजेंसी को जांच के दौरान झारखण्ड स्नातक स्तरीय परीक्षा में पेपर लीक के कोई सुबूत नहीं मिले।

******************